प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

समेटी द्वारा आर्थिक सशक्तिकरण विषय पर तीन दिवसीय ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित

पंतनगर, 5 नवंबर 2026। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के समेटी द्वारा किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से तीन दिवसीय ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ऑफलाइन प्रशिक्षण 'प्रसंस्कृत दुग्ध उत्पादों से आर्थिक सशक्तिकरण' विषय पर 28 से 30 अक्टूबर, 2026 तक तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण 'विकसित कृषि तकनीकों के प्रयोग से आर्थिक सशक्तिकरण' विषय पर 2 से 4 नवंबर, 2026 तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों के उद्घाटन अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक सहभागिता के माध्यम से प्रशिक्षणों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. बी.डी. सिंह, प्राध्यापक (सस्य विज्ञान) एवं समेटी समन्वयक ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए समेटी द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रशिक्षणों की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ऑफलाइन प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न पारंपरिक एवं प्रसंस्कृत दुग्ध उत्पादों के निर्माण की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को दूध से दही एवं पनीर बनाने, दुग्ध पेड़ा, खोया, आइसक्रीम, मंडुवा आइसक्रीम, मीठी लस्सी एवं श्रीखंड तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही शुद्ध दूध की गुणवत्ता एवं जांच से संबंधित जानकारी भी दी गई। वहीं, ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों के किसानों को आधुनिक कृषि एवं सहायक गतिविधियों की तकनीकों से रूबरू होने का अवसर मिला। इसमें मौन पालन, मत्स्य पालन, पशुपालन, बकरी पालन, संरक्षित सब्जी उत्पादन, उन्नत फलोत्पादन, कुक्कुट पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। ऑनलाइन प्रशिक्षण के समापन अवसर पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सी. तिवारी ने विकसित कृषि तकनीकों को अपनाने, आर्थिक सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन तथा सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, टिहरी गढ़वाल, बागेश्वर, चमोली, चम्पावत एवं पिथौरागढ़ जनपदों के किसानों एवं प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल संचालन यंग प्रोफेशनल–द्वितीय कु. ज्योति कनवाल द्वारा किया गया। इनके आयोजन में श्री जगदीश चन्द्र बिष्ट का भी विशेष योगदान रहा।



निदेशक संचार